भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3908

11 **अगस्त**, 2023 **को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुष महाविद्यालयों की स्थापना

3908. सुश्री एस. जोतिमणि:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 2017-18 के बाद से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत संशोधित अनुमान और वास्तविक व्यय के बीच अंतर है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार को एनएएम के अंतर्गत आयुष महाविद्यालयों की स्थापना हेतु वर्ष 2014 के बाद से राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों से कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ग) उक्त में से स्वीकृत प्रस्तावों और स्थापित किए गए महाविद्यालयों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष -वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या प्राप्त हुए प्रस्तावों की संख्या और स्थापित किए गए महाविद्यालयों की संख्या के बीच कोई अंतर है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा ऐसे महाविद्यालयों की स्थापना करने के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): वर्ष 2017-18 के बाद से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत संशोधित अनुमान और वास्तविक व्यय का ब्यौरा **संलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख) से (ङ): जन-स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, आयुष कॉलेजों की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। तथापि, एनएएम के अंतर्गत, उन राज्यों में नए आयुष कॉलेजों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थाओं की उपलब्धता अपर्याप्त है और तदनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधान के अनुसार, एसएएपी के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव भेजकर पात्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक एनएएम के दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, 13 नए आयुष शिक्षा संस्थानों की स्थापना के लिए सहायता दी गई है। एनएएम के तहत, 2014-15 से 2022-23 तक सहायता प्राप्त अनुमोदित और कार्यशील आयुष शिक्षा संस्थानों की राज्य-वार और वर्ष-वार स्थिति **संलग्नक-II** में दी गई है।

*****

संलग्नक-I

2017-18 के बाद से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत संशोधित अनुमान और वास्तविक व्यय का विवरण:

(रुपए करोड़ में)

क्र. सं.	वर्ष	संशोधित अनुमान (आरई)	वास्तविक व्यय (एई)
1	2017-18	490.50	489.08
2	2018-19	504.43	456.49
3	2019-20	500.60	495.50
4	2020-21	400.00	397.71
5	2021-22	500.00	458.87
6	2022-23	643.80	549.15

संलग्नक-II

2014-15 से 2022-23 तक एनएएम के तहत अनुमोदित और कार्यशील आयुष शिक्षा संस्थानों की राज्य-वार और वर्ष-वार स्थिति:

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	वर्ष	प्राप्त/अनुमोदित प्रस्तावों की संख्या	2022-23 तक स्वीकृत राशि (रुपए करोड़ में)	कार्यशील स्थिति
1.	आंध्र प्रदेश	2016-17	01	3.20	निर्माणाधीन
2.	असम	2022-23	01	2.00	निर्माण शुरू नहीं हुआ
3.	गुजरात	2022-23	01	10.00	निर्माण शुरू नहीं हुआ
4.	कर्नाटक	2014-15	01	8.554	कार्यशील
		2016-17	01	10.50	कार्यशील
5.	मणिपुर	2015-16	01	4.60	निर्माणाधीन
6.	सिक्किम	2016-17	01	7.09	कार्यशील
7.	हरियाणा	2018-19	01	9.00	निर्माणाधीन
		2018-19	01	6.00	निर्माणाधीन
8.	पश्चिमी बंगाल	2018-19	01	10.00	निर्माणाधीन
9.	उत्तर प्रदेश	2022-23	01	4.773	निर्माणाधीन
		2022-23	01	13.245	निर्माणाधीन
10.	तमिलनाडु	2022-23	01	10.00	निर्माण शुरू नहीं हुआ
		कुल	**13**	**98.962**	